दिनांक 2 मार्च 2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

66 एमएलडी से टंकियों को जोड़ने इंटरकनेक्शन का किया जाएगा कार्य, जल आपूर्ति 3 दिन तक रहेगी बधित, कल सुबह मिलेगा शहर को पानी

भिलाईनगर/ स्मृति नगर, नेहरू नगर एवं खमरिया की टंकियों को 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट के पाइप लाइन से जोड़ने इंटरकनेक्शन का कार्य किया जाना है जिसके लिए 77 एमएलडी जल शोधन संयंत्र से जल प्रदाय प्रभावित रहेगा! नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अमृत मिशन के तहत इंटरकनेक्शन का कार्य तीन स्थानों पर किया जाना है ताकि 66 एमएलडी जल शोधन संयंत्र से शहरवासियों को जलापूर्ति किया जा सके! 66 एमएलडी जल शोधन संयंत्र बनकर तैयार हो गया है जिसमें विद्युत आपूर्ति होने के पश्चात टेस्टिंग प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है , पैनल टेस्टिंग के साथ ही नो लोड पर मोटर की टेस्टिंग की जा रही है! अमृत मिशन फेस टू के तहत 12 उच्चस्तरीय जलागार का निर्माण किया जा रहा है! पुराने 8 उच्च स्तरीय जलागार पहले से ही निर्मित हैं जिनको 77 एमएलडी जल शोधन संयंत्र से पानी दिया जा रहा है! 66 एमएलडी से 9 उच्चस्तरीय जलागार एवं 77 एमएलडी से 9 उच्च स्तरीय जलागार को पानी दिया जाएगा इसके अतिरिक्त 6 एमएलडी का निर्माण किया गया है जो कि मोरीद में स्थित है जिससे पुरैना एवं टुंडेरा के ओवरहेड टैंक को पानी दिया जाएगा! जल्द हो कार्य इसलिए पहले से की जा रही है तैयारी इंटरकनेक्शन के कार्य में ज्यादा दिन न लगे इसलिए पूर्व से ही तैयारी की जा रही है जिसके लिए गुरुद्वारा के सामने एवं नेहरू नगर जोन कार्यालय के सामने गड्ढा करना पूर्व से प्रारंभ कर दिया गया है! जो भी कार्य इंटरकनेक्शन से पूर्व किए जा सकते हैं उन्हें किया जा रहा है! कल सुबह मिलेगा पानी कल सुबह दिन मंगलवार को शहर के सभी पानी टंकियों से जल प्रदाय किया जाएगा परंतु शाम को नल नहीं खुलेंगे केवल चंद्र मौर्या पानी टंकी से शाम को भी पानी सप्लाई किया जाएगा! मेन राइजिंग पाइप लाइन से इंटरकनेक्शन का कार्य किया जाना है इसलिए शहर को पानी देने में असुविधा होगी!

तीन स्थानों पर होगा इंटरकनेक्शन कार्य इंटरकनेक्शन का कार्य तीन स्थानों पर प्रारंभ किया जाएगा! नेहरू नगर जोन कार्यालय के सामने, स्मृति नगर तथा गुरुद्वारा के सामने नेहरू नगर मे इंटरकनेक्शन किया जाएगा जिसमें 450mm डाया का वाल्व लगाया जाएगा!

66 एमएलडी जल शोधन संयंत्र से इन टंकियों को मिलेगा पानी 66 एमएलडी जल शोधन संयंत्र से 9 उच्च स्तरीय जलागार खमरिया , स्लाटर हाउस , रूआबांधा, टंकी मरोदा , नेवई, नेहरू नगर , फरीदनगर, स्मृति नगर तथा रिसाली को पानी दिया जाएगा!

जल प्रदाय बाधित रहने के दौरान निगम प्रशासन द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था के तहत पानी टैंकरों ,

हस्त पंप, बोर आदि के माध्यम से जल प्रदाय की व्यवस्था की जाएगी! निगम प्रशासन की आमजन से अपील है कि शटडाउन के पूर्व पानी को विभिन्न पात्रों, टंकियों में स्टोर कर रख सकते हैं ताकि घरेलू आवश्यक कार्यों के लिए स्टोर किए गए पानी का उपयोग किया जा सके! निगम क्षेत्र में बुधवार, गुरुवार एवं शुक्रवार को जल प्रदाय प्रभावित रहेगी , इस दौरान निगम द्वारा यह प्रयास किया जाएगा कि कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कर जल प्रदाय सुचारू रूप से जारी किया जा सके!